दिन– रविवार दिनांक– 02 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय बजट को भारत की प्रगति के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम बताया। श्री मोदी ने कहा– बजट में सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है।

02. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा– बजट में आयकर में छूट सहित मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कई उपाय किये गये हैं।

03. प्रदेश में सभी वर्ग के लोगों ने बजट में बिहार के लिए की गयी घोषणाओं का किया स्वागत।

04. और, देहरादून में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार के शुभम ने वुशू में रजत पदक जीता।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय बजट को भारत की प्रगति के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम बताया है। श्री मोदी ने कहा कि यह बजट एआई, खिलौना विनिर्माण, कृषि, फुटवियर, खाद्य प्रसंस्करण और गिग अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों में नवाचार, उद्यमिता और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह  बजट एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संसद में बजट पेश किए जाने के बाद अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि यह बजट हर भारतीय के सपनों को पूरा करता है। उन्होंने बजट को देश को सशक्त बनाने वाला बताया और कहा कि यह देश में बचत, निवेश, खपत और विकास को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस बजट से देश के मध्यम वर्ग को बहुत लाभ होगा क्योंकि बारह लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कृषि क्षेत्र को सशक्त करेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। श्री मोदी ने कहा कि इसमें उद्यमियों, एमएसएमई और छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

———————————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने वित्तीय वर्ष, दो हजार पच्चीस –छब्बीस का आम बजट लोकसभा में पेश किया। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण और अपना लगातार आठवां बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बजट का लक्ष्य विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना, निजी क्षेत्र के निवेश में वृद्धि और मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता बढ़ाना है।

———————————————————————————

बजट में आयकरदाताओं को बड़ी राहत देते हुये वित्त मंत्री श्रीमती सीतारामन ने कहा कि अब बारह लाख रूपए की व्यक्तिगत आय पर कोई कर नहीं देना होगा। उन्होंने कहा कि इससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी।

———बाइट———

गौरतलब है कि आयकर के नये टैक्स रिजिम के तहत बारह लाख रूपये तक की आमदनी वाले लोगों को बजटीय घोषणा से साठ हजार रूपये तक का फायदा होगा। वहीं, नौकरी–पेशा लोगों को पचहत्तर हजार रूपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि अब लोग चार वर्ष का इनकम टैक्स रिटर्न एक साथ भर सकते हैं। बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्रोत पर कर कटौती यानि टीडीएस पचास हजार रूपए से बढ़ाकर एक लाख रूपये करने की घोषणा की गयी है। वहीं, वित्त मंत्री ने बजट में आयकर के नए स्लैबों की भी घोषणा की।

———————————————————————————

बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सीमा तीन लाख रूपए से बढ़ाकर पांच लाख रूपए करने का प्रस्ताव किया गया है। कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए चुने हुए सौ जिलों में प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना शुरू करने की भी घोषणा की गयी है। वहीं, वित्त मंत्री ने कैंसर समेत अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत देने के लिए छत्तीस जीवन रक्षक औषधियों और दवाओं को बुनियादी सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट देने का प्रस्ताव रखा है।

———————————————————————————

केन्द्रीय बजट में बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

———रिपोर्ट———

वित्त मंत्री ने राज्य में मखाना के उत्पादन, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की है। इस बोर्ड के बनने से मखाना के उत्पादन से लेकर उसकी बिक्री तक के लिए नीति का निर्माण होगा, जिससे किसान फायदे में रहेंगे। बोर्ड बनने से मखाना उत्पादन को लेकर चल रही विभिन्न योजनाएं एकीकृति हो जायेंगी। बजट में पूर्वोदय योजना के तहत बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की स्थापना की घोषणा की गई है। इस संस्थान की स्थापना से बिहार के साथ–साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्य भी लाभान्वित होंगे। यहां किसानों के साथ–साथ युवाओं को भी तकनीकी रूप से दक्ष किया जाएगा। वित्त मंत्री ने आईआईटी, पटना में छात्रावास और अन्य बुनियादी सुविधाओं में विस्तार का बजट में प्रावधान किया गया है। इससे आईआईटी, पटना की सीटों की संख्या बढ़कर पांच हजार के आस–पास हो जाएगी। बजट में तीन ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा पटना और बिहटा ब्राउनफील्ड एयरपोर्ट का विस्तार किया जाएगा। वहीं, इस बजट में पश्चिमी कोसी नहर–ईआरएम परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की गयी है। इससे सिंचाई की सुविधा बेहतर होगी। बाढ़ नियंत्रण में मदद मिलेगी और बिजली उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं अभिषेक दास।

———————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बजट में सरकार ने बिहारवासियों को महत्वर्पूण उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि मखाना बोर्ड की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर परियोजना और ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जैसी घोषणाओं से आने वाले समय में बिहार शिक्षा, व्यापार, किसान कल्याण और रोजगार का केन्द्र बनेगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट को सकारात्मक और प्रगतिशील बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में बिहार के लिए जो घोषणाएं की गयी हैं, उससे राज्य के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मखाना बोर्ड के गठन से मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार होगा।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टी. एन. सिंह ने आईआईटी पटना के विस्तार को लेकर की गयी घोषणा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के प्रति आभार जताया है।

———बाइट———

———————————————————————————

बिहार के लोगों ने बजट की खुले दिल से सराहना की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कुछ लोगों ने अपने विचार रखे।

———वॉक्सपॉप———

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के चौथे चरण के दूसरे दिन आज बांका में विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———बाईट———

मुख्यमंत्री आज बांका जिले में तीन सौ पचास करोड़ रूपये की राशि से बनने वाली एक सौ पचास से अधिक योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे राजपुर में मेडिकल कॉलेज, ओढ़नी डैम में रिजॉर्ट और बाबरचक में स्मार्ट विलेज की सौगात जिलावासियों को देंगे। मुख्यमंत्री जिले में आयोजित चार अलग–अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक भी करेंगे। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए बांका से बिदु शेखर।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रयागराज महाकुम्भ में हुई भगदड़ में प्रदेश के ग्यारह मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि और घायल श्रद्धालुओं को पचास–पचास हजार रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है।

————————————————————————————

देहरादून में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार के शुभम ने रजत पदक जीता है। शुभम ने वुशू के सनशू स्पर्धा के सत्तर किलोग्राम भार वर्ग में यह पदक प्राप्त किया। वहीं, योगासन में पटना की साक्षी कुमारी और प्रिया अग्रवाल की जोड़ी ने आर्टिस्टिक स्पर्धा के फाईनल में प्रवेश कर लिया है। स्वर्ण पदक के लिए कल इनका मुकाबला होगा।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जून महीने तक बचे हुये पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूरा कर लिया जायेगा।

————————————————————————————

इंटर परीक्षा के पहले दिन कदाचार के आरोप में आठ जिलों से इक्यासी परीक्षार्थी निष्कासित किये गये। सबसे अधिक शेखपुरा में चौंतीस और मधेपुरा में पच्चीस परीक्षार्थी निष्कासित किये गये हैं।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केन्द्रीय बजट में आयकर की सीमा बढ़ाये जाने से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– केन्द्र सरकार ने बड़ी कर छूट देने के साथ गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए खोला खजाना।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– मिथिला मखान संग बिहार पर विशेष ध्यान।

बजट पर दैनिक भास्कर लिखता है– वेतनभोगियों का वंसत, पैने तेरह लाख रूपये तक की आय पर अब कोई कर नहीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय बजट को भारत की प्रगति के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम बताया। श्री मोदी ने कहा– बजट में सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है।

02. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा– बजट में आयकर में छूट सहित मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कई उपाय किये गये हैं।

03. प्रदेश में सभी वर्ग के लोगों ने बजट में बिहार के लिए की गयी घोषणाओं का किया स्वागत।

04. और, देहरादून में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार के शुभम ने वुशू में रजत पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।